Check Point Threat Extraction secured this document Get Original

NSDL Payments Bank

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न - प्रीपेड जनरल पर्पस रिलोडेबल (GPR) कार्ड

प्रश्न: NSDL पेमेंट्स बैंक GPR कार्ड क्या है?

उत्तर: NSDL पेमेंट्स बैंक GPR कार्ड एक रुपया (₹) अंकित, चिप-आधारित रीलोडेबल प्रीपेड कार्ड है। यह लेन-देन का एक आसान, सुविधाजनक और सुरक्षित माध्यम है, जो RuPay, VISA या Mastercard समर्थित आउटलेट्स पर ऑनलाइन और ऑफलाइन भुगतान के लिए आदर्श है।

प्रश्न: NSDL पेमेंट्स बैंक द्वारा कौन-कौन से GPR कार्ड जारी किए जाते हैं?

उत्तर: NSDL पेमेंट्स बैंक निम्नलिखित GPR कार्ड जारी करता है –

1. स्मॉल KYC कार्ड (बिना कैश लोडिंग सुविधा के):

ए. यह कार्ड PPI धारक के न्यूनतम विवरण प्राप्त करने के बाद जारी किया जाता है। इसमें OTP से सत्यापित मोबाइल नंबर और नाम का स्व-घोषणा पत्र तथा किसी भी अनिवार्य दस्तावेज़ या आधिकारिक तौर पर वैध दस्तावेज़ (OVD) की विशिष्ट पहचान संख्या शामिल है।

बी. कार्ड में लोडिंग/रीलोडिंग केवल बैंक एकाउंट से संभव है।

सी. प्रति माह लोड करने की अधिकतम कुल राशि ₹10,000/- है।

डी. किसी भी समय कार्ड में बकाया राशि ₹10,000/- से अधिक नहीं होनी चाहिए।

ई. केवल ई-कॉम और POS लेनदेन की अनुमति है। ऐसे लेनदेन की सीमा अलग-अलग कार्ड के लिए अलग-अलग हो सकती है।

ऍफ़. नकद निकासी और फंड ट्रांसफर की अनुमति नहीं है।

जी. ऐसे कार्ड की वैधता कार्ड पर छपी तिथि के अनुसार होगी।

2. फूल KYC कार्ड:

ए. PPI धारक संपूर्ण KYC पूरा होने के बाद कार्ड जारी किया जाता है।

बी. किसी भी समय कार्ड में बकाया राशि ₹2,00,000/- से अधिक नहीं होनी चाहिए।

सी. केवल ई-कॉम और POS लेनदेन की अनुमति है। ऐसे लेनदेन की सीमा अलग-अलग कार्ड के लिए अलग-अलग हो सकती है।

डी. ऐसे कार्ड की वैधता कार्ड पर छपी तिथि के अनुसार होगी।

प्रश्न: मैं अपना GPR कार्ड कहां इस्तेमाल कर सकता हूं?

उत्तर: GPR कार्ड का उपयोग भारत में सभी रुपये (RuPay), वीजा (VISA) या मास्टरकार्ड (Mastercard) के ATM और मर्चेंट आउटलेट्स पर किया जा सकता है। इसका उपयोग आपके कार्ड के प्रकार और निर्धारित सीमा के आधार पर

केवल भारत में ही किया जा सकता है।

प्रश्न: क्या NSDL पेमेंट्स बैंक जीपीआर कार्ड रिचार्जेबल है?
उत्तर: NSDL पेमेंट्स बैंक GPR कार्ड रिचार्जेबल है।

प्रश्न: यदि मेरा NSDL पेमेंट्स बैंक GPR कार्ड खो जाए या चोरी हो जाए तो मुझे क्या करना चाहिए?
उत्तर: कार्ड खो जाने पर, कृपया NSDL पेमेंट्स बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र को +91 22 42022190 पर सूचित करें। खोए हुए कार्ड को ब्लॉक कर दिया जाएगा ताकि भविष्य में उससे कोई खरीदारी न हो सके और आपको नया कार्ड दिया जाएगा।

प्रश्न: नया कार्ड प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या है?
उत्तर: कार्ड बदलने के अनुरोध के लिए ग्राहक +91 22 42022190 पर कॉल कर सकते हैं।

प्रश्न: क्या मुझे अपना NSDL पेमेंट्स बैंक GPR कार्ड भारत के बाहर के पते पर मिल सकता है?
उत्तर: नहीं, NSDL पेमेंट्स बैंक GPR कार्ड भारत के बाहर किसी भी स्थान पर डिलीवर नहीं किए जा सकते।

प्रश्न: गिफ्ट कार्ड और GPR कार्ड में क्या अंतर है?
उत्तर: गिफ्ट कार्ड में केवल एक ही बार पैसे डाले जा सकते हैं। जबकि, GPR कार्ड रिलोडेबल होते है, यानि इसमें बार-बार पैसे डाले जा सकते है।

प्रश्न: GPR कार्ड पर क्या शुल्क/फ़ीस लगते हैं?
उत्तर: शुल्क/फीस के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया कार्ड किट/बैंक पोर्टल में उल्लिखित नियम और शर्तें देखें।

प्रश्न: GPR कार्ड और डेबिट कार्ड में क्या अंतर है?
उत्तर: डेबिट कार्ड सीधे आपके बैंक खाते से जुड़ा होता है। इसके विपरीत, GPR कार्ड एक प्रीलोडेड कार्ड है, जो आपको कार्ड में मौजूद बैलेंस और निर्धारित सीमाओं के आधार पर खर्च करने की अनुमति देता है।